रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 15
No. of printed pages : 15

132

432 (IGX)

# 2023

# लेखाशास्त्र (सैद्धान्तिक)

# ACCOUNTANCY (THEORY)

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 Hours ]

[ पूर्णांक : 80
[ Max. Marks : 80

**निर्देश :** (i) यह प्रश्न-पत्र तीन भागों में विभक्त है : 'क', 'ख' और 'ग'।

**Directions :** This question paper is divided into three parts : 'A', 'B' and 'C'.

(ii) भाग 'क' सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है।

Part 'A' is **compulsory** for all candidates.

(iii) भाग 'ख' और 'ग' में से कोई **एक** भाग हल करना है।

Any one part from Parts 'B' and 'C' is to be attempted.

(iv) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

Marks allotted to the questions are mentioned against them.

(v) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

Read each question carefully and answer to the point.

(vi) प्रश्न संख्या 1 तथा 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गए हैं। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए।

Question No. 1 & 20 are multiple choice questions. Four options are given in answer of each part of these questions. Write correct option in your answer book.

(vii) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

## भाग - 'क' (लेखाशास्त्र)

## Part-'A' (Accountancy)

1. (क) निम्नलिखित में से कौन सा गैर लाभकारी संगठन का उदाहरण है? 1

(i) निगम (ii) अंकेक्षण फर्म (iii) बीमा कम्पनी (iv) सार्वजनिक अस्पताल

Which of the following is an example of Non-profit organisation?

(i) Corporations (ii) Audit Firms

(iii) Insurance Companies (iv) Public Hospitals

(ख) आय और व्यय खाता सामान्यतः इंगित करता है- 1

(i) रोकड़ शेष (ii) पूँजी निधि (iii) शुद्ध लाभ/हानि (iv) आधिक्य/घाटा

Income and expenditure account generally indicates-

(i) Cash Balance (ii) Capital Fund

(iii) Net Profit / Loss (iv) Surplus/Deficit

(ग) वसूली खाते की लाभ व हानि को हस्तान्तरित किया जाता है- 1

(i) लाभ-हानि खाते को (ii) साझेदारों के पूँजी खाते को

(iii) ख्याति खाते को (iv) इनमें से कोई नहीं

Profit & Loss of Realisation Account is transferred to-

(i) Profit and Loss Account (ii) The Capital Account of the Partners

(iii) Goodwill Account (iv) None of these

(घ) किसी नये साझेदार को साझेदारी में सम्मिलित किया जा सकता है- 1

(i) किसी एक साझेदार की सहमति से (ii) सभी पुराने साझेदारों की सहमति से

(iii) बहुमत साझेदारों की सहमति से (iv) इनमें से कोई नहीं

A new partner may be admitted into a partnership-

(i) With the consent of any one partner

(ii) With the consent of all old partners

(iii) With the consent of majority of partners

(iv) None of these

(ङ) जब्त किये गये अंशों के पुनः निर्गमन के पश्चात् अंश हरण खाते के शेष को हस्तान्तरित कर दिया जाता है- 1

(i) लाभ हानि विवरण को (ii) पूँजी संचय खाता को

(iii) सामान्य संचय खाता को (iv) इनमें से कोई नहीं

Balance of forfeited shares account after re-issue of forfeited shares is transferred to–

(i) Statement of profit & loss (ii) Capital Reserve Account

(iii) General Reserve Account (iv) None of these

(च) ऋणपत्रधारी होते हैं - 1

(i) कम्पनी के ग्राहक (ii) कम्पनी के मालिक

(iii) कम्पनी के लेनदार (iv) कम्पनी के प्रबन्धक

Debentureholders are the–

(i) Customers of the company (ii) Owners of the company

(iii) Creditors of the company (iv) Managers of the company

**नोट :** प्रश्न संख्या 2 से 4 तक में दिये गए कथनों के सम्मुख <u>'सत्य'</u> अथवा <u>'असत्य'</u> अंकित कर उन्हें अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए-

**Note :** In Question No. 2 to 4, mark **<u>'True'</u>** or **<u>'False'</u>** against the given statements and write them in your answer book–

2. कॉलेज एक गैर लाभकारी संस्था है। 1

College is a non profit organisation.

3. प्राप्ति और भुगतान खाता एक व्यय खाता है। 1

Receipts and Payments account is an expenditure account.

4. भारत में सीमित साझेदारी की अनुमति नहीं है। 1

Limited partnership is not allowed in India.

5. सामान्य लाभ पर वास्तविक लाभ का आधिक्य क्या कहलाता है? 1

What is called the excess of actual profit over normal profit?

6. साझेदारी फर्म के विघटन पर, संचित लाभ और संचय का हस्तान्तरण किस खाते में किया जाता है? 1

On dissolution of partnership firm, accumulated profits and reserves are transferred to which account?

7. अग्रिम माँग खाते को कम्पनी के आर्थिक चिट्ठे में किस मद (शीर्ष) के अन्तर्गत दर्शाया जाता है? 1

Under which head of company's balance sheet, the calls-in-advance account is shown?

8. आगम शोधन खाते व रोकड़ खाते में कोई दो अन्तर लिखिए। 2

Write any two differences between Receipt and Payment account and Cash book.

9. साझेदारी के कोई दो नियम बताइये जो साझेदारी संलेख की अनुपस्थिति में लागू होते हैं। 2

Give any two rules of partnership which apply in the absence of partnership deed.

10. परिवर्तनशील पूँजी एवं स्थायी पूँजी में कोई दो अन्तर लिखिए। 2

Write any two differences between fluctuating capital and fixed capital.

11. अंशों एवं ऋणपत्रों में कोई दो अन्तर लिखिए। 2

Write any two differences between shares and debentures.

12. दून क्लब का निम्न सूचना के आधार पर आगम तथा शोधन खाता तैयार कीजिए - 4

**आगम :**

चन्दे प्राप्त हुए ₹ 2,400, कमरे का किराया प्राप्त राशि ₹ 140; क्रीड़ा शुल्क ₹ 700; जलपान गृह से प्राप्त राशि ₹ 1,500; विनियोगों से प्राप्त ब्याज ₹ 720, प्रवेश शुल्क ₹ 600, दान ₹ 1200.

**भुगतान :**

मरम्मत ₹ 144; लघु व्यय ₹ 240; वेतन ₹ 1200; छपाई तथा लेखन सामग्री ₹ 360; जलपान गृह का सामान ₹ 1,020; चौकीदार की मजदूरी ₹ 816; विद्युत व्यय ₹ 480; किराया और कर ₹ 600.

**नोट :** वर्ष के अन्त में अदत्त वेतन ₹ 300 तथा अप्राप्त चन्दा ₹ 500 था। फर्नीचर पर ₹ 200 ह्रास लगाना है।

रोकड़ बाकी 1 जनवरी 2021 ₹ 1,116;

रोकड़ बाकी 31 दिसम्बर 2021 ₹ 3,516.

Prepare a Receipt and Payment Account of Doon Club from the following information-

**<u>Receipts</u>** :

Subscriptions Received ₹ 2,400; Rent of Room ₹ 140; Games fees ₹ 700; Receipts from canteen ₹ 1,500; Interest on Investment ₹ 720; Entrance Fees - ₹ 600; Donation ₹ 1,200.

**Payments** :

Repairs ₹ 144; Petty expenses ₹ 240; Salaries ₹ 1,200; Printing and Stationery ₹ 360; Canteen Stores ₹ 1,020; Wages of guard ₹ 816; Electric charges ₹ 480; Rent and taxes ₹ 600.

**Note** : There were outstanding salary ₹ 300 and accrued subscription ₹ 500 at the end of the year. Furniture is to be depreciated by ₹ 200.

Cash Balance 1st January, 2021 ₹ 1,116.

Cash Balance 31st December, 2021 ₹ 3,516.

13. राम और मोहन 7 : 3 के अनुपात में लाभ का विभाजन करते हुए साझेदारी में हैं। सोहन को साझेदार के रूप में प्रवेश दिया जाता है। सोहन के पक्ष में राम अपने हिस्से के 1/7 का त्याग करता है और मोहन अपने हिस्से के 1/3 का त्याग करता है। लाभ विभाजन का नया अनुपात ज्ञात कीजिए। 4

Ram and Mohan have been in partnership sharing profits in the ratio of 7 : 3. Sohan is admitted as a partner. Ram surrenders 1/7 of his share and Mohan surrenders 1/3 of his share in favour of Sohan. Find the new profit sharing ratio.

**अथवा / OR**

नये साझेदार के प्रवेश पर ख्याति के लेखांकन की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए।

Discuss various methods of accounting for goodwill on admission of a new partner.

14. ₹ 10 प्रति अंश वाले 10,000 समता अंशों में विभाजित ₹ 1,00,000 की पंजीकृत पूँजी वाली A लि० कम्पनी ने 4,000 अंशों का निर्गमन किया जिन पर प्रति अंश ₹ 1 आवेदन पर, ₹ 2 आवंटन पर, ₹ 3 प्रथम याचना पर और शेष अन्तिम याचना पर देय हैं। सभी अंशों का भुगतान विधिवत मिल गया है। इन लेन-देनों के लिए रोजनामचा प्रविष्टियां कीजिए। 4

A Ltd. Company with registered capital of ₹ 1,00,000 divided into 10,000 equity shares of ₹ 10 each, issued 4000 shares payable as ₹ 1 per share on application, ₹ 2 on allotment, ₹ 3 on first call and the balance on final call. All payments were duly received. Pass journal entries for above transactions.

**अथवा / OR**

'पूर्वाधिकार अंश' क्या है? विभिन्न प्रकार के पूर्वाधिकार अंशों का वर्णन कीजिए।

What is a 'Preference Share'? Describe the different types of preference shares.

15. P लिमिटेड ने राम को प्रत्येक ₹ 10 वाले 1,000 अंश निर्गमित किये। राम ने ₹ 3 आवेदन पर, ₹ 4 आबंटन पर चुकाया किन्तु प्रथम एवं अन्तिम माँग के ₹ 3 चुका नहीं पाया। परिणामस्वरूप उसके अंशों का हरण कर लिया। P लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 4

P Ltd. issued 1,000 shares of ₹ 10 each to Ram. Ram paid ₹ 3 per share on application, ₹ 4 on allotment, but failed to pay ₹ 3 per share on first and final call. Consequently his shares were forfeited. Pass necessary journal entries in the books of P Ltd.

16. निम्नलिखित आंकड़ों से, औसत लाभों के पूँजीकरण विधि द्वारा ख्याति की गणना कीजिए- 6

(i) वास्तविक औसत लाभ : ₹ 80,000

(ii) सामान्य प्रत्याय की दर : 10%

(iii) कुल सम्पत्तियाँ (ख्याति को छोड़कर) : ₹ 10,00,000

(iv) वाह्य दायित्व : ₹ 4,00,000

From the figures given below, calculate goodwill according to the capitalisation of Average Profits Method–

(i) Actual Average Profits : ₹ 80,000

(ii) Normal rate of return : 10%

(iii) Total Assets (excluding goodwill) : ₹ 10,00,000

(iv) Outside liabilities : ₹ 4,00,000

**अथवा / OR**

ख्याति की अवधारणा का वर्णन कीजिए और इसके मूल्यांकन की विभिन्न विधियों को स्पष्ट कीजिए।

Describe the concept of goodwill and explain the various methods of its evaluation.

17. 1 अप्रैल, 2020 को A व B का आर्थिक चिट्ठा निम्नलिखित है। वे लाभ-हानि का विभाजन 3 : 2 के अनुपात में करते हैं। 6

| दायित्व | | धनराशि | सम्पत्तियाँ | धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| | | ₹ | | ₹ |
| विविध लेनदार | | 15,000 | भवन | 18,000 |
| पूँजी खाते | ₹ | | प्लाण्ट एवं मशीनरी | 15,000 |
| A | 20,000 | | स्कन्ध | 12,000 |
| B | 25,000 | 45,000 | देनदार | 10,000 |
| | | | रोकड़ | 5,000 |
| | | 60,000 | | 60,000 |

उक्त तिथि को C को निम्न शर्तों पर साझेदारी में प्रवेश दिया गया-

(i) वह 25,000 ₹ पूँजी के रूप में देगा तथा 1/5 लाभ के हिस्से के लिए 10,000 ₹ ख्याति के रूप में लायेगा।

(ii) सम्पत्तियों का मूल्यांकन निम्न हुआ -

भवन 25,000 ₹; प्लाण्ट व मशीनरी 12,000 ₹; स्कन्ध 12,000 ₹; देनदार 9,500 ₹ (संदिग्ध ऋणों के कारण)

(iii) यह ज्ञात हुआ कि माल प्राप्ति के सम्बन्ध में एक दायित्व 1,500 ₹ का है, जिसे पुस्तक में नहीं लिखा गया है।

उपरोक्त के लेखांकन हेतु आवश्यक लेजर खाते तथा C के प्रवेश के बाद का आर्थिक चिट्ठा बनाइए।

On 1st April, 2020 the Balance Sheet of A and B is following. They share profits and losses in the ratio 3:2 .

| Liabilities | | Amount | Assets | Amount |
|---|---|---|---|---|
| | | ₹ | | ₹ |
| Sundry creditors | | 15,000 | Building | 18,000 |
| Capital A/cs | ₹ | | Plant & Machinery | 15,000 |
| A | 20,000 | | Stock | 12,000 |
| B | 25,000 | 45,000 | Debtors | 10,000 |
| | | | Cash | 5,000 |
| | | 60,000 | | 60, 000 |

C was admitted in the partnership on that date under following circumstances :

(i) He will give ₹ 25,000 as capital and will bring ₹ 10,000 as goodwill for 1/5 share of profit.

(ii) Assets are evaluated as follows :
Building ₹ 25,000; Plant & Machinery ₹ 12,000; Stock ₹ 12,000; Debtors ₹ 9500 (due to doubtful debts).

(iii) It is known that there is a liability for goods received for ₹ 1,500, which is not written in the books.
Prepare necessary ledger accounts & also give Balance sheet after the admission of C.

18. B के ₹ 100 वाले 100 समता अंश जो ₹ 50 की प्रथम एवं अन्तिम याचना का भुगतान नहीं होने से हरण कर लिए गए थे, C को ₹ 70 प्रति अंश पूर्णतः चुकता मानते हुए पुनःनिर्गमित किए गए हैं। हरण और पुनःनिर्गमन के लेखे हेतु रोजनामचा प्रविष्टियाँ दीजिए। 6

B's 100 forfeited equity shares of ₹ 100 each for non-payment of first and final call of ₹ 50 are re-issued to C for ₹ 70 per share fully paid. Give the journal entries for recording forfeiture and reissue.

**अथवा / OR**

कम्पनी की अंश पूँजी से आप क्या समझते हैं? यह कितने भागों में विभाजित की जा सकती है? कम्पनी के आर्थिक चिट्ठा में अंश पूँजी को किस प्रकार दिखाया जा सकता है?

What do you mean by share capital of a company? In how many classes it can be divided? How is share capital shown in a company's balance sheet?

19. एक्सपोर्ट इण्डस्ट्रीज लिमिटेड का ऋणपत्र शोधन कोष ₹ 16,000 है, जो ₹ 20,000 (नाममात्र) निवेश का द्योतक है। लेखा पुस्तकों में ऋणपत्र ₹ 50,000 है और 1% की दर पर ₹ 10,000 ऋणपत्रों का शोधन करने के उद्देश्य से ₹ 84 की दर से ₹ 12,000 (नाममात्र) निवेश को बेचा गया। उपर्युक्त संव्यवहारों का लेखा करने के लिए आप लेखा पुस्तकों को बनाइए। (ब्याज और दलाली पर ध्यान नहीं दीजिए।) 6

The Debenture Redemption Fund of Export Industries Ltd. stood at ₹ 16,000, represented by ₹ 20,000 (nominal) investments. The debentures stood in the books at ₹ 50,000 and the company sold ₹ 12,000 (nominal) investments at ₹ 84 for the purpose of redeeming ₹ 10,000 debentures at a premium of 1%. You are required to show the ledger accounts to record the above transactions. (Ignore interest and brokerage).

## भाग - 'ख' (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

## Part-'B' (Analysis of Financial Statements)

20. (क) संशोधित लेखांकन प्रमाप-3 के अनुसार स्थिर सम्पत्तियों के क्रय को माना जाता है - 1

(i) परिचालन क्रिया (ii) विनियोजन क्रिया

(iii) वित्तीयन क्रिया (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

According to AS-3 (Revised), purchase of fixed assets is treated as :

(i) Operating activity (ii) Investing activity

(iii) Financing activity (iv) None of the above

(ख) तरलता अनुपात में सम्मिलित नहीं होता है- 1

(i) रोकड़ (ii) बैंक शेष

(iii) देनदार (iv) रहतिया

Quick ratio does not include :

(i) Cash (ii) Bank Balance

(iii) Debtors (iv) Inventories

**नोट :** प्रश्न संख्या 21 तथा 22 में दिये गए कथनों के सम्मुख <u>'सत्य'</u> अथवा <u>'असत्य'</u> अंकित कर उन्हें अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए–

**Note :** In Question No. 21 & 22, mark **'True'** or **'False'** against the given statements and write them in your answer book–

21. रोकड़ प्रवाह विवरण, रोकड़ खाता का एक विकल्प है। 1

Cash-flow statement is a substitute of Cash account.

22. चालू सम्पत्ति एवं चालू दायित्व का आदर्श अनुपात 2:1 है। 1

Ideal ratio of current assets and current liabilities is 2:1.

23. रोकड़ प्रवाह विवरण के कोई दो उपयोग बताइये। 2

Give any two uses of Cash Flow Statement.

24. निम्नांकित सूचना से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए- 4

| | ₹ |
|---|---|
| प्रारम्भिक रोकड़ शेष | 15,000 |
| अन्तिम रोकड़ शेष | 17,000 |
| स्टॉक में कमी | 8,000 |
| देय बिल में वृद्धि | 12,000 |
| स्थायी सम्पत्तियों की बिक्री | 30,000 |
| दीर्घ अवधि के ऋण का भुगतान | 50,000 |
| वर्ष के लिए लाभ | 2,000 |

From the following information, prepare a cash flow statement-

| | ₹ |
|---|---|
| Opening Cash Balance | 15,000 |
| Closing Cash Balance | 17,000 |
| Decrease in Stock | 8,000 |
| Increase in Bills Payable | 12,000 |
| Sales of Fixed Assets | 30,000 |
| Repayment of Long-term Loan | 50,000 |
| Net Profit for the year | 2,000 |

25. मारूति लि. के वर्ष 2021 के वित्तीय अभिलेखों से निम्न स्कंध-समंक लिये गये हैं :

| | ₹ |
|---|---|
| प्रारम्भिक स्कन्ध | 65,000 |
| वर्ष के दौरान क्रय | 3,40,000 |
| वर्ष के दौरान विक्रय | 4,00,000 |
| अन्तिम स्कन्ध | 50,000 |

वर्ष 2021 के लिए मारूति लि. का स्कन्ध अनुपात ज्ञात कीजिए। 4

The following inventory data has been taken from the financial records of Maruti Ltd. for 2021:

| | ₹ |
|---|---|
| Inventory Opening | 65,000 |
| Purchases during the year | 3,40,000 |
| Sales during the year | 4,00,000 |
| Closing Inventory | 50,000 |

Calculate Inventory ratio of Maruti Ltd. for the year 2021.

26. टाटा कारपोरेशन के अभिलेखों से निम्न समंक 31 दिसम्बर, 2022 को प्राप्त किये गये हैं:

| | ₹ |
|---|---|
| रोकड़ | 25,000 |
| देनदार (शुद्ध) | 12,000 |
| स्कन्ध | 8,000 |
| पूर्वदत्त व्यय | 2,000 |
| लेनदार | 12,000 |
| देय विपत्र | 3,000 |
| बिक्री | 53,000 |
| क्रय | 34,000 |
| क्रय वापसी | 750 |

उक्त सूचना के आधार पर निम्न की गणना कीजिए– 6

(अ) कार्यशील पूँजी अनुपात

(ब) तरल अनुपात

(स) स्कन्ध आवर्त

The following data are being taken from the records of Tata Corporation as on 31st December, 2022–

| | ₹ |
|---|---|
| Cash | 25,000 |
| Debtors (Net) | 12,000 |
| Inventory | 8,000 |
| Prepaid Expenses | 2,000 |
| Creditors | 12,000 |
| Bills Payable | 3,000 |
| Sales | 53,000 |
| Purchases | 34,000 |
| Purchase Returns | 750 |

On the basis of above information, compute the following:

(a) Working Capital Ratio

(b) Quick Ratio

(c) Inventory Turnover

## भाग-'ग' (अभिकलित्र लेखांकन)

## Part-'C' (Computerised Accounting)

20. (क) कम्प्यूटर के भौतिक उपकरणों को कहते हैं: 1

(i) सॉफ्टवेयर (ii) हार्डवेयर

(iii) कम्प्यूटर प्रोग्राम (iv) डेटा

Physical components of a computer is called:

(i) Software (ii) Hardware

(iii) Computer Programme (iv) Data

(ख) डाटाबेस प्रबन्ध प्रणाली है: 1

(i) हार्डवेयर पद्धति (ii) सूचना तकनीक

(iii) सॉफ्टवेयर पद्धति (iv) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Database Management system is a:

(i) Hardware system (ii) Information technique

(iii) Software system (iv) None of the above

**नोट :** प्रश्न संख्या 21 तथा 22 में दिये गए कथनों के सम्मुख '**सत्य**' अथवा '**असत्य**' अंकित कर उन्हें अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।

**Note :** In Question No. 21 & 22, mark **'True'** or **'False'** against the given statements and write them in your answer book.

21. कम्प्यूटर मिलियन्स क्रियाओं को एक सेकण्ड में कर सकता है। 1

Computer can perform millions of operations in one second.

22. कम्प्यूटर की अपनी बुद्धि होती है। 1

Computer have intelligence of their own.

23. इलेक्ट्रॉनिक स्प्रेडशीट क्या है? 2

What is electronic spreadsheet?

24. मैनुअल स्प्रेडशीट के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक स्प्रेडशीट को उपयोग करने के कोई चार लाभ बताइये। 4

Write any four advantages of using electronic spreadsheet in place of manual spreadsheet.

25. कम्प्यूटर की चार मुख्य विशेषताओं को बताइए। 4

Explain four main features of computer.

26. (क) मैसर्स श्याम लि. 40 व्यक्तियों को नियुक्त करते हैं, जिनके वेतन में मूल वेतन, महँगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता सम्मिलित हैं। भुगतान के निम्नलिखित नियम हैं:

भत्तों की गणना करने के लिए निम्नलिखित डाटा का एम एस एक्सेस में उपयोग करते हुए एस.क्यू.एल. में प्रश्न लिखिए।

मकान किराया भत्ता : ₹ 15,000 मूल वेतन तक ₹ 3000, ₹ 25,000 मूल वेतन तक ₹ 5000, ₹ 40,000 मूल वेतन से अधिक पर ₹ 9000.

शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता : मूल वेतन का 20 प्रतिशत की दर से लेकिन न्यूनतम ₹ 4000. 3

M/S Shyam Ltd. employs 40 persons whose salary comprises basic pay, dearness allowance, house rent allowance and city compensatory allowance. The following are the rules that govern the payment:

Write the queries in SQL using the following data in MS-Access to compute the allowances.

House Rent Allowance : ₹ 3000 upto a basic pay of ₹ 15,000, ₹ 5000 upto basic pay of ₹ 25,000, ₹ 9,000 for basic pay above ₹ 40,000

City compensatory allowance : @20% of basic pay subject to a minimum of ₹ 4000.

(ख) निम्नलिखित सूचना के आधार पर मासिक एवं वार्षिक ब्याज दर की गणना हेतु स्प्रैडशीट फॉर्मूला लिखिए : 3

| | |
|---|---|
| ऋण की धनराशि | ₹ 4000 |
| ऋण की अवधि | 4 वर्ष |
| मासिक किस्तों की धनराशि | ₹ 200 |
| किस्तों की संख्या | 48 |

Write spreadsheet formula to find out monthly and annual rate of interest on the basis of following informations:

| | |
|---|---|
| Loan Amount | ₹ 4000 |
| Term of Loan | 4 years |
| Amount of Monthly Instalments | ₹ 200 |
| Number of Instalments | 48 |

*****